उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

website -- psc.uk.gov.in

पत्रांक : 138/03/E-2/DR/LSS/2024-25 **दिनांक : 14 अगस्त, 2025**

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा–2024

कार्यालय ज्ञाप

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा–2024 का आयोजन दिनांक 13.09.2025 एवं 14.09.2025 को किया जाना निर्धारित है। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा ई0मेल/डाक के माध्यम से प्रश्नगत परीक्षा की तिथि परिवर्तन के संबंध में प्रत्यावेदन प्रेषित किये जा रहे हैं।

अवगत कराना है कि आयोग कार्यालय द्वारा दिनांक 09.06.2025 को आयोग की वेबसाइट पर जारी परीक्षा कैलेण्डर में प्रश्नगत परीक्षा की तिथियों का उल्लेख किया गया था। जिससे स्पष्ट है कि 13 व 14 सितम्बर, 2025 को आयोजित होने वाली उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा–2024 की तिथियों की सूचना अभ्यर्थियों को लगभग 03 माह पूर्व ही वेबसाइट पर जारी परीक्षा कैलेण्डर दिनांक 09.06.2025 के माध्यम से दे दी गयी थी।

अतः उक्त के क्रम में प्रश्नगत परीक्षा के संबंध में तिथि परिवर्तन हेतु अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा एवं परीक्षा अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

-sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।